# इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ

संख्या : 5588 / Admin. / Lucknow / 2026

दिनांक : 20/07/ 2026

## विज्ञप्ति

इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ में अधिवक्ताओं के लिपिकों (Clerks) (पंजीकरण एवं चरित्र) नियमावली, 1997 के नियम 7 के अन्तर्गत होने वाली वर्ष 2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र (निर्देश पत्र सहित) दिनांक **23.07.2026 से 11.08.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में दोपहर **2:00 बजे से सायं 04:30 बजे** तक पास अनुभाग (गेट नम्बर–6 के निकट), उच्च न्यायालय, विभूति खण्ड, लखनऊ से रू. 20/– (बीस रूपये मात्र) नकद भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है।

प्रार्थना पत्र को पूर्णतया भरकर पास अनुभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक **14.08.2026** और समय **सायं 04:30 बजे** तक है। अन्तिम तिथि और समय के बाद किसी भी आवेदन पत्र पर विचार/स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा की तिथि दिनांक **05.09.2026 (शनिवार)** को निर्धारित की गई है, हालांकि अपरिहार्य परिस्थितियों में इसे परिवर्तित भी किया जा सकता है।

यह परीक्षा केवल पैनल बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। पैनल में सम्मिलित होने मात्र से किसी भी आवेदक को उच्च न्यायालय में किसी भी प्रकार के सेवायोजन का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। इसके अतिरिक्त पैनल में सम्मिलित होने मात्र से कोई भी आवेदक किसी अधिवक्ता से पारितोषिक प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा, जब तक कि कोई अधिवक्ता उसे अपने लिपिक के रूप में सम्बद्ध नहीं कर लेता है।

Rakesh Tripathi
20-07-26

**वरिष्ठ निबंधक**

**इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ**

HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD

HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD

**High Court of Judicature at Allahabad, Lucknow**

No. 5588 / Admin. / Lucknow / 2026

Dated : 20/ 07 / 2026

**Notice**

Applications are invited for appearing in the Advocates' Clerks Empanelment Examination – 2026 to be conducted under Rule 7 of the Allahabad High Court Advocates' Clerks (Registration & Conduct) Rules, 1997 at the Hon'ble High Court of Judicature at Allahabad, Lucknow.

Application form (along with instruction sheet) can be obtained from the Pass Section (Near Gate No. 6), High Court, Vibhuti Khand, Lucknow, on any working day from **23.07.2026 to 11.08.2026** between **2:00 PM and 4:30 PM** by making a cash payment of Rs. 20/- (Rupees Twenty only).

The last date to submit the completely filled-in application form in the Pass Section is **14.08.2026 till 04:30 PM.** No application form will be considered or accepted after the stipulated date and time. The examination has been scheduled for **05.09.2026 (Saturday)**. However, it may be changed due to unavoidable circumstances.

This examination is being conducted solely for the purpose of preparation of a panel. Mere inclusion in the panel shall not confer upon any applicant the right to any form of employment in the High Court. Furthermore, mere inclusion in the panel shall not entitle any applicant to receive remuneration from any advocate, unless the applicant is engaged by any advocate as their clerk.

Rakesh Tripathi
20-07-26

**Senior Registrar**
**High Court of Judicature at Allahabad,**
**Lucknow**